18-26 अप्रैल 2022 के दौरान हनोई, वियतनाम में भारत के राजदूत द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में माननीय अध्यक्ष का भाषण।

______

वियतनाम में भारत के राजदूत, श्री प्रणय वर्मा, मिशन के उप प्रमुख, श्री सुभाष पी. गुप्ता, वियतनाम में भारतीय समुदाय के सदस्य और मित्रगण, देवियो और सज्जनो:

______

- मुझे इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर हनोई में आपके बीच आकर बहुत खुशी हो रही है। आज शाम आप लोगों के बीच आकर मुझे और हमारे संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों को वास्तव में बहुत खुशी हो रही है।
- सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम में भारतीय शिष्टमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किए जाने पर मैं अपनी और शिष्टमंडल की ओर से आप सभी का आभार प्रकट करता हूँ।
- यह भारत और वियतनाम दोनों के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है क्योंकि अब दोनों देशों के सफल राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। पिछले 50 सालों के सफर में हमने अपने घनिष्ठ संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। वर्ष 2016 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी होने के बाद हमारे संबंधों में नए रणनीतिक आयाम जुड़ गए हैं। भारत के क्षेत्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण में वियतनाम का एक अभिन्न स्थान है।
- हाल के वर्षों में, हमने उच्च स्तरीय दौरों और बैठकों का आयोजन किया है। हम इन संबंधों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के एक मजबूत बंधन में बांध रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हमारा वर्तमान दौरा आपसी संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में निश्चित रूप से एक सार्थक कदम है।
- हम संसदीय शिष्टमंडलों के दौरे को बहुत महत्व देते हैं क्योंकि इनसे दोनों देशों के लोगों के बीच के संबंधों को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलती है। इस तरह के शिष्टमंडलों से हम दोनों देशों के बीच राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिली है।
- मित्रो, वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में प्रवासी भारतीय हर जगह अच्छा कार्य करके अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और पूरे सम्मान के साथ एक सांस्कृतिक दूत की भूमिका निभा रहे हैं। हमारे संबंधों को और प्रगाढ़ करने में उनकी भूमिका प्रशंसनीय है। प्रवासी भारतीय पूरे विश्व में फैले हुए हैं । वर्तमान में पूरी दुनिया में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रह रहे हैं, और वे अपने प्रवास के देश के साथ-साथ अपनी मातृभूमि का नाम

भी रोशन कर रहे हैं। मुझे बताया गया है कि वियतनाम में लगभग साढ़े पांच हजार भारतीय नागरिक रह रहे हैं। वे अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

- मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि आप में से कई लोग विभिन्न संगठनों में बहुत वरिष्ठ पदों पर कार्य कर रहे हैं और कुछ बहुत सफल व्यवसायी बन चुके हैं। अपने-अपने क्षेत्रों में आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता होती है। आपकी सफलता को देखकर यह पता चलता है कि आपमें किसी भी परिस्थिति में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने की क्षमता है।

- संस्कृति, संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हमारे ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध दो हजार वर्षों से भी अधिक पुराने हैं। इस संबंध में, बौद्ध धर्म भारत और वियतनाम के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोविड-19 प्रतिबंधों के बाद भारत ने देश को पर्यटन के लिए खोल दिया है।

- भारत सरकार ने भारतीय वीज़ा के लिए हाल ही में "सु-स्वागतम" जिसका अर्थ है "हार्दिक स्वागत" नामक एक नए सरकारी ऐप की शुरुआत की है।

- यह ऐप विदेशी पर्यटकों के लिए भारतीय वीजा प्राप्त करने हेतु सिंगल विंडो सुविधा प्रदान करता है। वर्ष 2019 में भारतीय मिशन ने हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में दो भारत-वियतनाम पर्यटन रोड शो आयोजित किए जो वास्तव में एक बहुत बड़ी पहल थी।

- मैं हनोई में भारतीय दूतावास और हो ची मिन्ह सिटी में भारत के महावाणिज्य दूतावास के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करता हूं।

- इन्हीं शब्दों के साथ, मैं गर्मजोशी से हमारा स्वागत करने के लिए शिष्टमंडल की ओर से और अपनी ओर से एक बार फिर राजदूत महोदय का धन्यवाद करता हूं।

- जय हिन्द।